संख्या-765/नौ-4-15-37ज/2014

प्रेषक,

श्रीप्रकाश सिंह

सचिव,

उ0प्र0, शासन।

सेवा में

1- निदेशक नगर निकाय, उ0प्र0 लखनऊ।

2- समस्त नगर आयुक्त नगर निगम, उ0प्र0।

नगर विकास अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक- 24 मार्च, 2015

विषय: उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को अधियाचन भेजते हुए चयन की कार्यवाही कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग अधिनियम, 2014 संबंधी अधिसूचना संख्या-1529/79-वि0-1-14-1(क)-10-2014, दिनांक-04.12.14 तथा उक्त अधिसूचना के क्रम में कार्मिक विभाग द्वारा निर्गत अधिसूचना संख्या-91/2812/47-का-3-14-13/7/2006, दिनांक-15.12.14 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- उल्लेखनीय है कि उ0प्र0 अधीनस्थ चयन सेवा आयोग अधिनियम-2014 अधिसूचना दिनांक-04.12.2014 द्वारा अधीनस्थ चयन आयोग का गठन किया गया है तथा उक्त अधिनियम की धारा -(2) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए वेतन बैण्ड-1 रू0 5200-20200, ग्रेड पे रू0- 1900 एवं इससे अधिक किन्तु वेतन बैण्ड-2 रू0- 9300-34800, ग्रेड पे रू0- 4600 से कम के सीधी भर्ती के समस्त पद अधीनस्थ चयन आयोग की अरिधि में विनिर्दिष्ट किये जाने की अधिसूचना दिनांक-15.12.2014 प्रकाशित की जा चुकी है।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अधिसूचना दिनांक-15.12.2014 की व्यवस्था के अनुसार वेतन बैण्ड-1 रू0 5200-20200, ग्रेड पे रू0 1900 एवं इससे अधिक किन्तु वेतन बैण्ड- 2 रू0 9300-34800, ग्रेड पे रू0 4600 से कम के सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर चयन हेतु अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को अधियाचन भेजते हुए चयन की कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(श्रीप्रकाश सिंह)

सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-765(1)/नौ-4-15-37ज/2014 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- समस्त जिलाधिकारी, द्वारा निदेशक, नगर निकाय उ0प्र0 लखनऊ।

2- समस्त महाप्रबन्धक, जलसंस्थान द्वारा निदेशक, नगर निकाय उ0प्र0 लखनऊ।

3- समस्त अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिष्द/नगर पंचायत, द्वारा निदेशक नगर निकाय उ0प्र0 लखनऊ।

4- नगर विकास अनुभाग-1/2/3/6/7।

5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(उमाशंकर सिंह)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in